<u>प्रेस नोट –</u>

थाना लहचूरा

<u>दिनांक -24.01.2025</u>

- **हत्या के अभियोग के सम्बन्धित 02 अभियुक्त गिरफ्तार-**
- **घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल कुल्हाड़ी व डण्डा बरामद-**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी के कुशल निर्देशन एवं सतत पर्यवेक्षण में अपराध/अपराधियों व वाँछित अभियुक्त के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना लहचूरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 02 अभियुक्त 1. नीरज पुत्र रामदास उम्र करीब 20 वर्ष 2. मनोज पुत्र रामदास उम्र करीब 23 वर्ष नि0गण ग्राम खरकामाफ थाना लहचूरा जिला झाँसी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

<u>घटना का संक्षिप्त विवरण-</u>

दिनांक 05.01.2025 को ग्राम खरकामाफ थाना लहचूरा झाँसी में अभियुक्तगणों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर गोविन्द दास अहिरवार उर्फ राजू पुत्र स्व0 हरिदायल उम्र करीब 55 वर्ष नि0 ग्राम खरकामाफ थाना लहचूरा झाँसी को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया था। प्राप्त सूचना पर तत्काल घटना स्थल पर पहुँचकर गोविन्ददास को इलाज हेतु सीएचसी मऊरानीपुर ले जाया गया। चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज झांसी रिफर किया गया था। जहाँ पर दौराने इलाज गेविन्द दास उपरोक्त की मृत्यु हो गयी थी। उक्त संबन्ध में दिनांक 06.01.2025 को वादिया श्रीमती शीला अहिरवार पत्नी गोविन्ददास नि0 ग्राम खरकामाफ थाना लहचूरा झाँसी द्वारा लिखित तहरीर देकर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 05/25 धारा 191(2)/191(3)/190/126(2)/103(2)/352/351(3) BNS व 3(2)V,3(2)V(a),3(1) (द), 3(1) ध SC/ST.ACT पंजीकृत कराया गया था।

उक्त अभियोग में आज दिनांक 24.01.2025 को अभियुक्तगण 1. नीरज पुत्र रामदास उम्र करीब 20 वर्ष 2. मनोज पुत्र रामदास उम्र करीब 23 वर्ष नि0गण ग्राम खरकामाफ थाना लहचूरा जिला झाँसी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। अभियुक्तगण से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल कुल्हाड़ी व डण्डा बरामद किया गया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता</u>:-

1. नीरज पुत्र रामदास उम्र करीब 20 वर्ष नि0गण ग्राम खरकामाफ थाना लहचूरा जिला झाँसी
2. मनोज पुत्र रामदास उम्र करीब 23 वर्ष नि0गण ग्राम खरकामाफ थाना लहचूरा जिला झाँसी

<u>बरामदगी</u>-

घटना में प्रयुक्त 01 ल्हाडी व 01 डण्डा आलाकत्ल लकडी का।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-</u>

1.पंकज कुमार मिश्र थानाध्यक्ष लहचूरा ।
2.उ0नि0 श्री कुलभूषण सिंह थाना लहचूरा जनपद झांसी।
3.उ0नि0 श्री विजय शंकर शुक्ला थाना लहचूरा जनपद झांसी
4.उ0नि0 श्री अखिलेश कुमार थाना लहचूरा झाँसी
5.हे0का0 26 भूमिराज सिंह थाना लहचूरा झाँसी
6. का0 1318 प्रवीन कुमार थाना लहचूरा झाँसी
7.हे0का0 288 देवेन्द्र कुमार थाना लहचूरा जनपद झांसी।